

**रमजान का 18वां दिन**

| सहरी | इफ्तार |
|---|---|
| सुन्नी : 5:02 | सुन्नी : 6:14 |
| शिया : 4:52 | शिया : 6:22 |

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

## शहर में आज



- गोमती नगर के विशाल खंड-2 स्थित कार्यालय पर विश्व हिन्दू रक्षा परिषद का योगी की माता पर टिप्पणी करने वाले मौलाना के विरोध में प्रदर्शन, पुतला दहन- 11:00 बजे।
- राज्य कार्यालय पर एडवा की ओर से अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर सभा का आयोजन- 2:30 बजे से।
- गांधी भवन प्रेक्षागृह में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर रिपब्लिकन पार्टी ऑफ़ इंडिया की ओर से नारी शक्ति सम्मान समारोह- 2:00 बजे से।
- लाल बारादरी स्थित राज्य ललित कला अकादमी में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला कलाकारों की कला प्रदर्शनी इंद्राणी का आयोजन- 2:00 बजे से।
- उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान में विनम्र बाल साहित्य संस्थान की ओर से गौरी शंकर वैश्य विनम्र, डॉ. अंजू शर्मा और नमिता वैश्य की पुस्तकों का लोकार्पण और सम्मान समारोह- 4:00 बजे से।

पाठक/आयोजक अपने कार्यक्रम की सूचना हमें lko.editor@amritvichar.com और वाट्सएप नंबर 9455224760 पर भी भेज सकते हैं।

# महिलाओं की उपलब्धियां बताने को दौड़ी 'एक्ज़ीबिशन ऑन व्हील्स'

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- यूपीएमआरसी के प्रबंध निदेशक ने दिखाई शक्ति मेट्रो को हरी झंडी
- हजरतगंज मेट्रो स्टेशन पर 'वॉल ऑफ ग्रैटिट्यूड' का अनावरण

**अमृत विचार:** समाज में महिलाओं के योगदान और उनकी उपलब्धियों को सम्मान देने के उद्देश्य से शनिवार को 'एक्ज़ीबिशन ऑन व्हील्स' की शुरुआत की गई। नॉर्थ-साउथ कॉरिडोर पर एक सप्ताह तक चलने वाली इस 'शक्ति मेट्रो' को यूपीएमआरसी के प्रबंध निदेशक सुशील कुमार ने हरी झंडी दिखाई।

देश में विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धियां हासिल करने वाली महिलाओं की प्रेरणादायक कहानियों को प्रदर्शित करने वाली मेट्रो ट्रेन सीसीएस एयरपोर्ट स्टेशन से रवाना की गई। एमडी ने हजरतगंज मेट्रो स्टेशन पर 'वॉल ऑफ ग्रैटिट्यूड' का भी अनावरण किया। इस दीवार पर यात्री अपने जीवन काल में प्रेरित करने वाली महिलाओं के लिए संदेश लिख सकते हैं। कई यात्रियों ने मां, बहन, पत्नी, शिक्षिकाओं और सहकर्मियों के लिए संदेश भी लिखे। महिला हाउसकीपिंग और सुरक्षा कर्मियों के लिए विशेष म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता भी कराई गई। इसमें विजयी महिलाओं को एमडी ने सम्मानित किया। 'शो योर टैलेंट' पहल के तहत हजरतगंज मेट्रो स्टेशन पर ओपन म्यूजिकल कार्यक्रम हुआ। इसमें महिला यात्रियों ने कराओके के साथ पसंदीदा गीत गाकर गाए। एमडी ने कहा कि यूपीएमआरसी एक सशक्त संगठन है , जिसमें महिलाओं की महत्वपूर्ण भागीदारी है।

उन्होंने बताया कि हर तीन में एक ट्रेन महिला ऑपरेटर संचालित कर रही है। कोर तकनीकी विभागों में भी 25 प्रतिशत महिलाएं कार्यरत हैं। लखनऊ मेट्रो में महिलाओं की सुरक्षा को प्राथमिकता दी गई है। प्रत्येक ट्रेन में इमरजेंसी इंटरकॉम, 16 सीसीटीवी कैमरे और स्टेशनों पर 50 से 60 कैमरों की निगरानी व्यवस्था है।



मेट्रो ट्रेन में महिला सहकर्मियों के साथ यूपीएमआरसी के प्रबंध निदेशक सुशील कुमार।



## अमृत विचार कार्यालय में परिचर्चा आज

- अमृत विचार, लखनऊ : अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर 8 मार्च को अमृत विचार कार्यालय 16ए जापलिंग रोड पर नारी शक्ति प्रकृति की संरक्षक विषय पर परिचर्चा का आयोजन किया जाएगा। दोपहर 12 बजे से होने वाली इस परिचर्चा में इसमें शहर की गणमान्य महिलाओं को आमंत्रित किया गया है।

# एसएनसीयू में ममता की छांव में नवजातों के जीवन की डोर

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर विशेष रूप से याद की जा रही नर्सों की सेवा और समर्पण भावना

पंकज द्विवेदी, लखनऊ

**अमृत विचार :** अस्पतालों के स्पेशल न्यूबॉर्न केयर यूनिट (एसएनसीयू) में कार्यरत नर्सें नवजात शिशुओं की सबसे बड़ी संरक्षक बनकर सामने आ रही हैं। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर इन नर्सों के समर्पण और सेवा भावना को विशेष रूप से याद किया जा रहा है।

एसएनसीयू में भर्ती ज्यादातर बच्चे समय से पहले जन्मे, कम वजन वाले या किसी गंभीर संक्रमण से ग्रसित होते हैं। यहां तैनात नर्सें चिकित्सा प्रबंधन में महत्वपूर्ण भूमिका के साथ मां की तरह ममता और धैर्य के साथ नवजात की देखभाल करती हैं। वह शिशुओं की हर सांस, हर हलचल और हर बदलाव पर सतत नजर रखती हैं। ये नर्सें दवाइयां देने, मशीनों की निगरानी के साथ माता-पिता को भी नवजात की देखभाल के बारे में समझाती हैं और मानसिक रूप से मजबूत बनाती हैं। कई बार कठिन परिस्थितियों में भी धैर्य और संवेदनशीलता के साथ सेवा जारी रखती हैं।

### यहां भर्ती हर बच्चे के लिए करती हूं प्रार्थना



स्टाफ नर्स सुनीता पॉल ने बताया कि दिन की ड्यूटी छह और रात की करीब 12 घंटे तक चलती है। लंबी ड्यूटी के बावजूद नर्सें पूरी लगन के साथ कर्तव्यों का पालन करती हैं। सुनीता ने मुस्कुराते हुए कहाकि, ड्यूटी पर आते समय हर बच्चे के लिए प्रार्थना करके आते हैं। नर्सों के लिए सबसे बड़ा संतोष का पल वह होता है, जब गंभीर स्थिति में भर्ती कोई नवजात स्वस्थ होकर अस्पताल से घर जाता है। सबसे ज्यादा खुशी तब मिलती है जब बच्चा ठीक होकर मां की गोद में जाता है और उसके चेहरे पर खुशी दिखाई देती है। उस पल लगता है कि हमारी मेहनत सफल हो गई।



एसएनसीयू में नवजात की देखभाल करतीं नर्स आभा।

### आज तक याद है उस मां के चेहरे की मुस्कान

- स्टाफ नर्स आभा ने कार्य से जुड़ा भावुक अनुभव साझा किया। उन्होंने बताया कि एक महिला को शादी के लगभग 12 साल बाद संतान का सुख मिला, लेकिन जन्म के समय बच्चे की हालत बेहद गंभीर थी। लग रहा था कि बच्चे को उच्च संस्थान रेफर करना पड़ेगा। परिवार ने हम पर भरोसा जताया और कहा कि बच्चे का इलाज यहीं कराएंगे। बच्चे को पूरी तरह स्वस्थ करके घर भेजना हमारे के लिए बड़ी चुनौती बन गई थी। पूरे स्टाफ ने लगातार निगरानी शुरू की। बच्चे के शरीर के तापमान, दिल की धड़कन और हर छोटी-बड़ी गतिविधि पर बारीकी से नजर रखी गई। लगभग एक महीने की लगातार देखभाल के बाद शिशु पूरी तरह ठीक होकर मां की गोद में घर गया। मां के चेहरे की वह मुस्कान हमें आज तक याद है। एसएनसीयू में चुनौती केवल इलाज तक सीमित नहीं होती, कई बार माता-पिता को धैर्य के साथ समझाना भी उतना ही जरूरी होता है।

### हर बच्चे को बचाना हमारी प्राथमिकता

- अवंतीबाई महिला अस्पताल के एसएनसीयू में कार्यरत स्टाफ नर्स सोनी ने कहा कि नवजात की देखभाल का कार्य संवेदनशील होने के साथ चुनौतीपूर्ण भी है। महिला होने के नाते हमें अस्पताल और घर की दोहरी जिम्मेदारी निभानी होती है। दोनों के बीच संतुलन बनाना आसान नहीं हैं, लेकिन हमारी कोशिश रहती है कि अस्पताल में भर्ती किसी भी बच्चे की देखभाल में कोई कमी न रह जाए। हर बच्चे को बचाना हमारी प्राथमिकता है। एसएनसीयू में कई नवजात शिशु बेहद गंभीर स्थिति में आते हैं। कई बच्चों को सांस लेने में दिक्कत होती है, कुछ को झटके आते हैं, तो कई जन्म के बाद रो भी नहीं पाते। हमारे लिए सबसे चुनौतीपूर्ण पल वह होता है जब बच्चा सांस नहीं ले पा रहा होता। उस समय हमारे सामने सिर्फ एक ही लक्ष्य होता है, किसी भी तरह उस नन्हीं जान को बचाना। बच्चे के माता-पिता हमें उम्मीद भरी नजरों से देखते हैं। उन्हें भरोसा होता है कि हम उनके बच्चे को ठीक करके ही घर भेजेंगे। उनका यही भरोसा हमें और ज्यादा जिम्मेदारी से काम करने की शक्ति देता है।



नवजात की देखभाल करतीं नर्स सोनी।

### माता-पिता के प्रोत्साहन से डॉक्टर बनीं कविता आर्या संभाल रहीं सबसे बड़े जिला अस्पताल की कमान



- प्रदेश के सबसे बड़े जिला अस्पताल बलरामपुर अस्पताल की निदेशक डॉ. कविता आर्या अपने परिवार की पहली डॉक्टर हैं। उन्होंने ऐसे दौर में चिकित्सा शिक्षा हासिल की, जब लड़कियों की उच्च शिक्षा को लेकर समाज में जागरूकता काफी कम थी। डॉ. आर्या ने बताया कि वर्ष 1981 में एमबीबीएस किया था। उस समय लड़कियां शिक्षा के क्षेत्र में काफी पीछे थीं। ज्यादातर परिवारों में उच्च शिक्षा के लिए लड़कों को ही प्राथमिकता दी जाती थी। हेल्थ क्लर्क पिता हरी प्रसाद और गृहणी मां प्रेमवती के प्रोत्साहन से डॉक्टर बनने की प्रेरणा मिली। वर्ष 1991 में पहली तैनाती आगरा के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में हुई। इसके बाद मैनपुरी में जिला स्तर पर जिम्मेदारी मिली। वर्ष 2023 में स्वास्थ्य भवन में क्षेत्रीय निदेशक का पद संभाला। जुलाई 2025 से बलरामपुर अस्पताल की निदेशक हैं। डॉ. आर्या के रेडियोलॉजिस्ट पति डॉ. महावीर सिंह का वर्ष 2013 में निधन हो गया था। बेटी अनुष्का सिंह और बेटा आकाश भी डॉक्टर हैं। डॉ. आर्या का कहना है कि बेटियों को शिक्षित करना बेहद जरूरी है। शिक्षा ही महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाती है। वह कहती हैं कि उन्हें जरूरतमंदों की सेवा करना सबसे अधिक संतोष देता है।

## महिला दिवस पर 16 चिकित्सक सम्मानित

**अमृत विचार, लखनऊ :** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) ने लखनऊ ऑब्स्टेट्रिक्स एंड गायनेकोलॉजिकल सोसाइटी (एलओजीएस) के सहयोग से आईएमए भवन में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस और होली उत्सव का आयोजन किया। इसमें लगभग 200 डॉक्टरों और सदस्य शामिल हुए।

मुख्य अतिथि राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. बबिता सिंह चौहान ने महिला चिकित्सकों के समाज और स्वास्थ्य सेवा में योगदान की सराहना की। इस दौरान डॉ. चंद्रावती, डॉ. मंजू शुक्ला, डॉ. प्रीति कुमार, डॉ. निधि जोहरी, प्रो. डॉ. अंजू अग्रवाल, डॉ. सीमा मेहरोत्रा, डॉ. अंशुमाला रस्तोगी, प्रो. डॉ. उर्मिला सिंह, प्रो. डॉ. श्रद्धा सिंह, प्रो. डॉ. विनीता मित्तल, प्रो. डॉ. अर्चिका गुप्ता, डॉ. रचना अग्रवाल, डॉ. लवन सक्सेना, डॉ. रुचि श्रीवास्तव, डॉ. रोशनी रावत और डॉ. श्वेता श्रीवास्तव को इंटरनेशनल वुमेन अचीवर अवॉर्ड 2026 से सम्मान दिया गया। डॉ. मनोज कुमार अस्थाना, डॉ. प्रीति कुमार, डॉ. श्वेता श्रीवास्तव, डॉ. अमित, डॉ. अर्चिका, डॉ. गुरमीत, डॉ. तान्या, डॉ. तान्वी, डॉ. सुधीर, डॉ. आलोक दीक्षित, डॉ. शरस्वत सक्सेना, डॉ. सीमा सिंह, डॉ. शिप्रा नाथ, डॉ. नईम और अनीकेत अनी ला विशेष योगदान रहा।

# लखनऊ की अनुश्री का लंदन में जलवा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- वन्यजीव संरक्षण पर बनी डॉक्यूमेंट्री को मिला अंतराष्ट्रीय सम्मान

**अमृत विचार:** शहर की बेटी अनुश्री शुक्ला ने लंदन में फिल्म प्रोडक्शन के क्षेत्र में अलग पहचान बना रही हैं। हाल ही में मुंबई में इंटरनेशनल ''बॉलीवुड फिल्म फेस्टिवल'' में उन्हें उत्कृष्ट डॉक्यूमेंट्री फिल्म के लिए बेस्ट डॉक्यूमेंट्री फिल्म पुरस्कार दिया गया है। उत्तर प्रदेश की ओर से नामांकित इस डॉक्यूमेंट्री का विषय इंसान और जंगली जानवरों के बीच बढ़ते संघर्ष पर आधारित है। फिल्म में वन्यजीव संरक्षण के महत्व को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया गया है। उत्तर प्रदेश सरकार के वन्यजीव संरक्षण के प्रयासों को भी अंतरराष्ट्रीय मंच पर सराहना मिली है।

अनुश्री ने इस उपलब्धि का श्रेय वन्यजीव चिकित्सक पिता डॉ. उत्कर्ष शुक्ल को दिया है। उन्होंने कहा कि पिता के मार्गदर्शन में ही वाइल्ड लाइफ की बारीकियों को समझा और इस विषय पर काम करने के लिए प्रेरित हुईं। लखनऊ में प्रारंभिक शिक्षा पूरी कर अनुश्री उच्च शिक्षा के लिए इंग्लैंड चली गईं।वहां उन्होंने फिल्म प्रोडक्शन के क्षेत्र में अपने कदम मजबूत किए। अनुश्री ने कहा कि पिछले वर्ष मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिले सम्मान ने न केवल उत्साह को दोगुना किया बल्कि नए आयामों पर काम करने की प्रेरणा भी मिली।

लंदन में व्यस्तता के बावजूद अनुश्री अपनी जड़ों से जुड़ी हुई हैं। वह लखनऊ आती रहती हैं। उनका कहना है कि यह सम्मान उनके लिए जिम्मेदारी भी है और प्रेरणा भी, जिससे वह भविष्य में और भी प्रेरणादायक और सामाजिक सरोकार से जुड़ी फिल्में बनाने का प्रयास करेंगी।



पुरस्कार के साथ अनुश्री।

### डॉ. युसैरा को मिला 'यंग वुमन रिसर्चर अवार्ड



- ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के व्यवसाय प्रशासन विभाग की डॉ. युसैरा अहमद को वीनस इंटरनेशनल वुमेन अवार्ड 2026 में एंटरप्रेन्योरशिप (मैनेजमेंट) के क्षेत्र में प्रतिष्ठित 'यंग वुमन रिसर्चर अवार्ड' से सम्मानित किया गया है। ये सम्मान वीनस इंटरनेशनल फाउंडेशन की ओर से चेन्नई में हुए 11वें वार्षिक महिला सम्मेलन में दिया गया। सम्मेलन में विज्ञान, इंजीनियरिंग, मानविकी और प्रबंधन सहित विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिला शोधकर्ताओं एवं पेशेवरों की उपलब्धियों को सम्मानित किया जाता है। कुलपति प्रो. अजय तनेजा ने डॉ. युसैरा अहमद को बधाई दी है।

### अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर संगोष्ठी आज

- अमृत विचार, लखनऊ : मौलाना आज़ाद मेमोरियल अकादमी की ओर से अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर 8 मार्च को सुबह 10 बजे अकादमी के लाइब्रेरी हॉल औरंगाबाद खालसा बिजनौर रोड में महिलाओं की भागीदारी के बिना विकसित भारत का सपना अधूरा विषय पर संगोष्ठी आयोजित की जाएगी। इसमें मुख्य अतिथि आईटीआरसी की पूर्व उप निदेशक वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. कमर रहमान, पूर्व सीडीपीओ मंजू वर्मा, पुलिस कर्मी विदुषी शाक, नीलम गौतम, प्रोफेसर सैफिया लोखंडे और डॉ. मनी राम सिंह विशिष्ट अतिथि होंगे।

## सिटी ब्रीफ

### आज खुलेंगे नगर निगम के कैश काउंटर और जोनल कार्यालय

**अमृत विचार, लखनऊ :** वित्तीय वर्ष समाप्त होने में एक महीने से भी कम समय शेष है। गृहकर वसूली में तेजी लाने और भवन स्वामियों की सुविधा के लिए नगर निगम के जोनल कार्यालय और कैश काउंटर रविवार को अवकाश के दिन भी सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक खुले रहेंगे। नगर निगम ने अपील की है कि भवन स्वामी इस सुविधा का लाभ उठाते हुए अधिक से अधिक बकाया गृहकर जमा करें। इसके अलावा गृहकर शिविर भी लगाये जाएंगे, जहां भवन स्वामी गृहकर निर्धारण कराने के साथ बकाया हाउस टैक्स भी जमा कर सकते हैं।

### अतिक्रमण हटाया और जब्त किया सामान

**अमृत विचार, लखनऊ :** नगर निगम ने शनिवार को अभियान चलाकर शहर के मुख्य मार्गों, सार्वजनिक स्थलों और फुटपाथों से अतिक्रमण हटाए। जोन 7 में जोनल अधिकारी के नेतृत्व में चलाये गए अभियान में ठेले, कुर्सियां, ठेलिया आदि जब्त की। जोन-8 में खुर्दही बाजार तथा बिजनौर अंडरपास के पास ठेले, सिलेंडर, गन्ने की मशीन सहित एक ट्रक सामान जब्त किया।

### आलमबाग से दिल्ली के लिए 20 एसी जनरथ बसें

**अमृत विचार, लखनऊ :** गर्मी की शुरुआत होते ही बस अड्डों पर एसी बसों की मांग बढ़ने लगी है। यात्रियों की सुविधा को देखते हुए लंबी दूरी के लिए एसी जनरथ बसों की सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। इसी कड़ी में आलमबाग बस अड्डे से दिल्ली के लिए वाया एक्सप्रेस-वे 20 एसी जनरथ बसें चलाई जा रही हैं। यात्रियों को हर घंटे आलमबाग बस अड्डे से दिल्ली के लिए एसी बस की सुविधा मिलेगी। दो बाई दो सीट वाली इन एसी जनरथ बसों का किराया करीब 900 रुपये रखा गया है। आलमबाग डिपो के एआरएम राजेश सिंह ने बताया कि फिलहाल शाम सात बजे से रात 11 बजे तक हर घंटे एसी बसें दिल्ली के लिए रवाना की जा रही हैं। गर्मी बढ़ने के साथ एसी बसों की मांग और बढ़ने की संभावना है। क्षेत्रीय प्रबंधक अमरनाथ सहाय ने बताया कि दिल्ली जाने वाले यात्रियों की सुविधा के लिए 20 एसी जनरथ बसों का संचालन किया जाएगा। बसों का विस्तृत शेड्यूल दो से तीन दिनों के भीतर जारी कर दिया जाएगा।

# मुक्ताकाशीय मंच पर डॉ. सुचरिता ने गाए लोकगीत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- संगीत नाटक अकादमी का दो दिवसीय लोकोत्सव शुरू

**अमृत विचार:** लोक पर्व एवं अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी का दो दिवसीय लोकोत्सव शनिवार को शुरू हुआ। पहले दिन अकादमी परिसर के मुक्ताकाशीय मंच पर वाराणसी की डॉ. सुचरिता गुप्ता ने लोक गीत और महोबा के जितेन्द्र चौरसिया ने आल्हा गायन किया।

रविवार को लखनऊ की लोक गायिका रीना टण्डन और बृज के लोक नृत्य कलाकार मुरारी लाल शर्मा प्रस्तुति देंगे। इसके पहले लोकोत्सव का उद्घाटन लोक गायिका डॉ. सुचरिता गुप्ता ने मिश्र काफी में मशहूर ठुमरी री मैं कैसे केसर रंग घोरू... से की। आल्हा गायक जितेन्द्र चौरसिया ने महोबा की लड़ाई, मांडवगढ़ की लड़ाई और कजली के युद्ध की गाथा सुनाई। शरद अनुरागी, राहुल अनुरागी और दुष्यंत बुन्देला ने भी गायन किया। हारमोनियम पर सुमेन्द्र कुमार, ढोलक पर राधारमण, पखावज पर उदय प्रकाश, झांझ मंजीरे पर अनुराग ने सुंदर सामंजस्य का परिचय दिया। अमूमन जहां एक गायक के साथ केवल ढोलक-झांझ ही सह-वाद्य होते हैं वहीं जितेन्द्र चौरसिया ने आल्हा का आकर्षण बढ़ाने के लिए चार गायकों के साथ वीर रस के वाद्य पखावज और लय के वाद्य हारमोनियम को भी जोड़ा है।

**कसी नकेल** — पुलिस की सख्ती से महिलाओं के साथ होने वाले अपराध 20 प्रतिशत तक हुए कम

# महिलाओं संग अपराध करने वाले 284 बदमाशों को दिलाई सजा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- कई मामलों में रिकार्ड समय में दाखिल की गई चार्जशीट

**अमृत विचार:** महिलाओं के साथ अपराध करने वाले 284 अपराधियों को कमिश्नरेट पुलिस ने एक वर्ष में सजा दिलाई है। समय से विवेचना, तकनीकी साक्ष्य जुटाने के साथ सशक्त पैरवी की। कई मामलों में रिकार्ड समय में चार्जशीट दाखिल की। मासूमों के साथ दुष्कर्म करने वाले कई बदमाशों को मुठभेड़ में ढेर भी किया। पुलिस की सख्ती से महिलाओं के साथ होने वाले अपराधों में 20 प्रतिशत तक की कमी आई है।

पुलिस आयुक्त अमरेंद्र कुमार सेंगर ने बताया कि वर्ष 2025-26 में 1425 से अधिक मामलों में 60 दिनों के भीतर चार्जशीट दाखिल कर दी गई। मलिहाबाद क्षेत्र में जुलाई 2025 में सात वर्षीय बच्ची के साथ अश्लील कृत्य के आरोपी सुचित यादव को 10 घंटे में गिरफ्तार कर लिया गया। महज 24 घंटे में जांच पूरी कर कोर्ट में चार्जशीट भी दाखिल कर दी। इसे प्रदेश के इतिहास की सबसे तेज चार्जशीट में माना गया। आपरेशन कन्विक्शन के तहत 284 अपराधियों को सजा दिलाई। इनमें सात अपराधियों को आजीवन कारावास, 82 को 10 वर्ष या उससे अधिक की सजा और 113 दोषियों को 10 वर्ष से कम की सजा के साथ आर्थिक दंड भी दिलाया गया।

### दो को मुठभेड़ में पुलिस ने मार गिराया



- पिछले वर्ष मलिहाबाद क्षेत्र में युवती की हत्या और दुष्कर्म के प्रयास के मामले में एक लाख के इनामी आरोपी अजय कुमार को पुलिस मुठभेड़ में मार गिराया गया। आरोपी ने साथी के साथ युवती को ई-रिक्शा में बैठाकर लूटपाट और दुष्कर्म का प्रयास किया था। विरोध करने पर उसकी गला घोंटकर हत्या कर दी गई थी।, आलमबाग क्षेत्र में ढाई वर्षीय मासूम से दुष्कर्म के आरोपित दीपक वर्मा उर्फ नन्हू को भी पुलिस ने मुठभेड़ में ढेर कर दिया। घेराबंदी के दौरान उसने पुलिस टीम पर फायरिंग की थी, जिसके बाद जवाबी कार्रवाई में वह घायल हो गया और अस्पताल में उसकी मौत हो गई।

### आइटीएसएसओ पोर्टल से अपराध पर लगी लगाम

- पुलिस आयुक्त के मुताबिक आइटीएसएसओ पोर्टल के माध्यम से यौन अपराधों की निगरानी और जांच को तेज किया गया है। इससे न केवल अपराधियों को सजा दिलाने की प्रक्रिया तेज हुई है, बल्कि महिलाओं का पुलिस पर भरोसा भी बढ़ा है।

### सुरक्षा के लिए चल रहे मिशन शक्ति और जागरूकता अभियान

- महिला सुरक्षा के लिए सभी 53 थानों में मिशन शक्ति केंद्र और पिंक बूथ स्थापित किए गए हैं। प्रत्येक केंद्र के लिए अलग सीयूजी नंबर जारी किया गया है, जिससे महिलाएं सीधे पुलिस से संपर्क कर सकती हैं। इसके अलावा शहर के प्रमुख बाजारों, कालेजों और चौराहों पर पिंक पेट्रोलिंग की जा रही है। बीते एक वर्ष में 3900 से अधिक महिला चौपाल लगाकर महिलाओं को उनके अधिकारों और हेल्पलाइन नंबरों 1090, 112 और 181 के बारे में जागरूक किया गया। यह अभियान पिछले वर्ष नवरात्र से शुरू हुआ है। इसके लिए विशेष टोली का निर्माण किया गया है। ये टोली महिलाओं को जागरूक कर रही हैं।

## सिटी ब्रीफ

### इकाना स्टेडियम के पास पलटी कार

**अमृत विचार, लखनऊ:** इकाना स्टेडियम के पास शनिवार सुबह बेकाबू कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर कई बार पलटी। हादसे में कार सवार आशियाना निवासी एकजोत सिंह, रवि गांधी और एक अन्य साथी घायल हो गए। हादसे के बाद तीनों घायल अंदर फंस गए। स्थानीय लोगों ने कड़ी मशक्कत से घायलों को बाहर निकाला और सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने घायलों को एपेक्स ट्रॉमा-2 सेंटर में भर्ती कराया। पुलिस ने कार को हटवाया और आवागमन शुरु कराया।

### किशोरी गायब, इंस्टाग्राम पर लिखा मिला हेल्प

**अमृत विचार, लखनऊ:** चिनहट इलाके से एक किशोरी संदिग्ध हालात में लापता हो गई है। उसकी इंस्टाग्राम आईडी में हेल्प लिखा हुआ है। पीड़ित मां की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। चिनहट स्थित सतरिख रोड निवासी कोमल तिवारी ने पुलिस को बताया कि उनकी 16 वर्षीय बेटी 3 मार्च को शाम 7 बजे घर से निकली थी। देर रात तक वह वापस नहीं लौटी। परिजन ने खोजबीन की लेकिन कुछ पता नहीं चला। पीड़ित मां ने बताया कि बेटी की इंस्टाग्राम आईडी पर हेल्प लिखा हुआ है।

### अमीनाबाद में लुटेरा गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ:** चलती ऑटो में युवती का पर्स लूटने वाले बदमाश को अमीनाबाद पुलिस ने सर्विलांस की मदद से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी दीपक कुमार गौतम माल के ग्राम काकराबाद का रहने वाला है। पुलिस ने आरोपी के पास से लूटा गया मोबाइल बरामद किया है। पुलिस वारदात में शामिल दूसरे बदमाश की तलाश कर रही है। इंस्पेक्टर अमीनाबाद सुनील कुमार आजाद ने बताया कि 4 नवंबर 2025 को सीतापुर निवासी राम हरख ने रिपोर्ट दर्ज करायी थी। बताया था कि बेटी चारबाग से ऑटो में बैठकर कैसरबाग जा रही थी। इसी दौरान बाइक सवार दो बदमाशों ने पर्स लूट लिया था। आरोपी ने कबूला कि लूट के बाद वे दोनों एक सुनसान गली में गए, जहां साथी ने बैग अपने पास रख लिया और उसे मोबाइल फोन व मोटरसाइकिल देकर वहां से चला गया था।

### यौन शोषण का आरोपी गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ:** शादी का झांसा देकर किशोरी से यौन शोषण करने वाले आरोपी को रहीमाबाद पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी प्रिंस थाना क्षेत्र के ग्राम गदियाखेड़ा का रहने वाला है। इंस्पेक्टर रहीमाबाद अरुण कुमार त्रिगुणायक ने बताया कि 31 जनवरी को पीड़िता ने रिपोर्ट दर्ज करायी थी। पुलिस ने मजिस्ट्रेट के समक्ष बयान व मेडिकल के आधार पर पॉक्सो एक्ट की धारा बढ़ायी थी। जांच के दौरान पुलिस ने आरोपी प्रिंस को शनिवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**अमृत विचार, लखनऊ:** इंजीनियरिंग कॉलेज बांउड्री के सामने रेलवे ट्रैक पर बैठकर शराब पी रहे युवक की शनिवार को ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गयी। जानकारी मिलते ही जानकीपुरम पुलिस मौके पर पहुंची। छानबीन के दौरान शव की पहचान मां जरीना ने बेटे राजा निवासी सेक्टर-एफ जानकीपुरम के रूप में की। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### खुदकुशी को उकसाने वाला पति गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ:** दहेज के लिए पत्नी को प्रताड़ित व आत्महत्या के लिए उकसाने वाले आरोपी को बंथरा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी अजीत बंथरा के ग्राम भदोई का रहने वाला है। एसीपी कृष्णानगर रजनीश वर्मा ने बताया कि 15 सितंबर 2025 को इशिका गौतम ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली थी। सरोजनीनगर निवासी भाई संतोष ने बताया था कि बहन की शादी वर्ष 2017 में अजीत से की थी। शादी के बाद से ही अजीत व उसके घरवाले दहेज के लिए इशिका को पीटते व प्रताड़ित करते थे। इसी प्रताड़ना से क्षुब्ध होकर उसने जान दे दी थी। भाई ने अजीत समेत 10 के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करायी थी।

### विवाद में नशेड़ियों ने युवक को पीटा

**अमृत विचार, आलमबाग:** आशियाना स्थित औरंगाबाद खालसा में डीजे बजाने को लेकर विवाद हो गया। सुनीता रावत का आरोप है छोटे बेटे अमित को डीजे बजाने को लेकर नशे में धुत मोहल्ले के कृष्णा उर्फ छोटी, आशीष उर्फ मुल्ली और मोहित ने गाली गलौज करते हुए जमकर पीटा। विरोध पर आरोपियों ने अमित पर पत्थर से हमला कर सिर फोड़ दिया। मां ने लोकबंधु अस्पताल में बेटे का इलाज कराने के बाद आशियाना थाने में नामजद रिपोर्ट दर्ज करायी है।

# सड़क किनारे खड़े बाइक सवार को बेकाबू कार ने मारी टक्कर, मौत

## दुर्गापुरी मेट्रो स्टेशन के पास हुआ हादसा, पिता की तहरीर पर आलमबाग कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** दुर्गापुरी मेट्रो स्टेशन के पास शुक्रवार देर रात बेकाबू कार ने सड़क किनारे खड़े बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी। हादसे के बाद चालक फर्राटा भरते हुए फरार हो गया। डॉयल-112 पर सूचना मिलते ही आलमबाग पुलिस मौके पर पहुंची। घायल को अस्पताल पहुंचाया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। आलमबाग पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है। पुलिस ने शनिवार को आरोपी चालक को पकड़कर कार को कब्जे में ले लिया है।



अनुज यादव

मूलरूप से कानपुर देहात के रूरा निवासी अनुज यादव (35) सोलर पैनल का काम करता था। अनुज टेढ़ी पुलिया स्थित कंचन नगर में किराए पर रहता था। परिवार में पत्नी शालिनी और दो बच्चे नैमिष व ऋषि हैं। पत्नी शालिनी ने बताया कि शुक्रवार देर रात करीब डेढ़ बजे अनुज बाइक से घर आ रहे थे। रास्ते में दुर्गापुरी मेट्रो स्टेशन के पास किसी काम से बाइक रोककर अनुज खड़े हो गए। इस बीच पीछे से आयी बेकाबू कार ने बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि अनुज उछलकर सड़क पर जा गिरा।

हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद चालक कार लेकर भाग निकला। हादसा देख राहगीर मदद के लिए दौड़े। सूचना पाकर आलमबाग पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घायल अनुज को आनन-फानन में लोकबंधु अस्पताल पहुंचाया। वहां डॉक्टरों ने अनुज को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने कपड़ों की तलाशी ली तो जेब में मोबाइल मिला। जिसकी मदद से पुलिस ने परिवारवालों को घटना की सूचना दी।

पति की मौत की खबर मिलते ही शालिनी बेसुध हो गई। किसी तरह वह लोकबंधु अस्पताल पहुंची। वहां पति का शव स्ट्रैचर पर देखकर वह बेहोश हो गई। साथ आए नाते-रिश्तेदार ने उसे संभाला और पानी की छींटे डाली। शनिवार को पुलिस ने पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजन को सौंप दिया। इंस्पेक्टर आलमबाग रामबाबू सिंह ने बताया कि भाई मोहित यादव की तहरीर पर अज्ञात कार चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गयी है।

# स्टोर मैनेजर ने फंदा लगाकर की आत्महत्या

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** मड़ियांव के फैजुल्लागंज इलाके में जिओ स्टोर के मैनेजर ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पड़ोसियों ने युवक को लटका देखा डॉयल-112 पर सूचना दी। पुलिस ने युवक को फंदे से उतारकर अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। छानबीन के दौरान कमरे में एक सुसाइड नोट मिला, जिसमें किसी का दोष नहीं होने की बात लिखी है। वहीं, परिजन ने मारपीट कर लटकाने का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

मूल रूप से सीतापुर के सकरन रेहघटना निवासी पवन कुमार शुक्ला (30) जिओ कंपनी में स्टोर मैनेजर थे। वे मड़ियांव के फैजुल्लागंज स्थित प्रियदर्शिनी कॉलोनी में किराए पर रहते थे। इस वक्त पवन नीलगिरी स्थित जिओ स्टोर पर कार्यरत थे। परिवार में पत्नी सोनी और दो साल का बेटा बल्ले मोहन हैं। भाई भानु ने बताया कि शुक्रवार रात 9:30 बजे पुलिस ने सूचना दी कि पवन की तबीयत खराब है। जानकारी मिलते ही परिवारवाले लखनऊ पहुंचे। वहां उन्हें पवन की मौत की जानकारी हुई।

भाई का आरोप है कि वह लोग पवन के कमरे गए तो वह खून के निशान मिले। ऐसा लग रहा है कि उसके साथ मारपीट की गई है। इसके बाद उसे फंदे से लटका दिया गया। मड़ियांव इंस्पेक्टर शिवानंद मिश्र ने बताया कि पवन ने फंदा लगाकर आत्महत्या की है। उसके कमरे से सुसाइड नोट भी मिला है। जिसमें लिखा है किसी का कोई दोष नहीं है, खुद से आत्महत्या कर रहा हूं। वहीं, मृतक के भाई ने बताया कि पवन मड़ियांव में किराए पर एक महिला मित्र के साथ रहता था। वह भी सीतापुर की रहने वाली है। पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है।

### प्रताड़ना से क्षुब्ध होकर महिला ने दी थी जान

**अमृत विचार, लखनऊ:** गोसाईंगंज के नेवातिन टोला कस्बे में पति की प्रताड़ना से आजिज आकर सुनीता (30) ने 3 मार्च को फंदा लगाकर खुदकुशी की थी। मामले में मृतक की मां विनीता ने दामाद अशोक के खिलाफ गोसाईंगंज थाने में खुदकुशी के लिए उकसाने की रिपोर्ट दर्ज करायी है। कासिमपुर बिरूहा निवासी विनीता ने बताया कि बेटी सुनीता की शादी करीब 11 वर्ष पूर्व अशोक से की थी। शादी के बाद अशोक ने कम दहेज का ताना देकर और पिता के व्यापार के लिए रुपये मांगने का दबाव बनाते हुए सुनीता को पीटा। आरोप है कि 3 मार्च को अशोक ने सुनीता को पीटा था। जानकारी पर मायकेवाले पहुंचे तो फर्श पर सुनीता का शव पड़ा था।



जानकीपुरम विस्तार स्थित मुलायम तिराहे पर दुकान में लगी आग बुझाता दमकलकर्मी। अमृत विचार

# रजाई-गद्दे की दुकान में लगी आग, अफरा-तफरी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** जानकीपुरम विस्तार स्थित मुलायम तिराहे पर खाली प्लॉट में गन्ने की रस व रजाई-गद्दे की दुकान में शुक्रवार देर रात को आग लग गई। दुकान से तेज लपटें और धुआं निकलता देख आसपास अफरा-तफरी का माहौल बन गया। इसी बीच तीन से चार बार तेज धमाके हुए। जिससे पूरा इलाका दहल गया। सूचना पर बीकेटी फायर स्टेशन से दमकल की दो गाड़ियां पहुंची। दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हादसे में दोनों दुकानों का लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। कोई हताहत नहीं हुआ। गन्ना के रस दुकान के मालिक ने साजिशन आग लगने का आरोप लगाया है। पुलिस व अग्निशमन की टीम आग लगने के कारण की जांच कर रही है।

बहराइच के जरवल निवासी महफूज मुलायम तिराहे पर खरगापुर गांव के पूर्व प्रधान लुब्बू प्रधान के खाली प्लॉट पर पिछले 10 वर्ष से गन्ने का रस व रजाई-गद्दा भरने की दुकान चलाते हैं। शुक्रवार देर रात करीब 11 बजे अचानक दुकान में आग लग गई। दुकान में रुई व कपड़े रखे थे। जिसके कारण आग ने पूरी दुकान को अपनी चपेट में ले लिया। सूचना पर बीकेटी फायर स्टेशन के कर्मचारी दो गाड़ियों के साथ मौके पर पहुंचे। आग बुझाने के दौरान दुकान में दो से तीन बार धमाका हुआ। अग्निशमनकर्मियों ने दुकान में रखा एक सिलेंडर बाहर निकाल लिया। आग पर दो घंटे की मशक्कत के बाद काबू पा लिया। एसीपी अलीगंज शशि प्रकाश मिश्रा शनिवार सुबह मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। आसपास के सीसीटीवी कैमरों के फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं।

### दुकानदार बोला साजिशन लगाई आग

- दुकान मालिक महफूज के मुताबिक उनकी बहन गद्दे की सिलाई का काम करती है। उसका एक मानसिक रूप से कमजोर 8 वर्षीय बेटा है। शुक्रवार दोपहर में सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ। जिसमें गन्ना के रस वाली मशीन में लगे बर्फ को 8 वर्षीय बच्चा चाटता दिख रहा है। महफूज के मुताबिक वह उस समय नमाज पढ़ने गया था। वायरल विडियो को देखकर लोगों ने काफी नाराजगी जताते हुए दुकानदार पर कार्रवाई की मांग की थी। सूचना पर जानकीपुरम पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच की थी। लोगों की धमकी से डर कर वह शाम को अपने घर जरवल चले गए थे। देर रात दुकान में आग लगने की जानकारी हुई। महफूज ने बताया कि आग साजिश के तहत लगाई गई है। आग में ढाई लाख रुपये का सामान जलकर राख हो गया। पुलिस के मुताबिक हर बिंदु पर जांच की जा रही है।

# दबंगों ने घर में घुसकर चार बहनों को पीटा

संवाददाता, आलमबाग

**अमृत विचार:** थाना क्षेत्र के गढ़ी कनौरा में पानी टंकी के विवाद में दो पड़ोसी आपस में भिड़ गए। आरोप है कि दबंगों ने घर में घुसकर चार बहनों को बेरहमी से पीटा।

नैना श्रीवास्तव का आरोप है कि 5 मार्च को पड़ोसी सोनी रावत, मोनी, रावत, अनुज रावत, मंजु रावत, उनकी बेटी शगुन रावत, सुशीला रावत डंडे लेकर घर में घुस गए। आरोपी गाली-गलौज करते हुए हमलावर हो गए। मारपीट में नैना,



उनकी बहनें दीक्षा, आराध्या व अनन्या चोटिल हो गई। आलमबाग इंस्पेक्टर रामबाबू सिंह ने बताया कि दोनों पड़ोसियों मकानों के बीच में स्थानीय पार्षद द्वारा पानी की टंकी लगवाया गया है जिससे पानी के बहाव को लेकर अक्सर विवाद होता है। उसी को लेकर मारपीट हुई है। मामले की जांच की जा रही है।

# चाय पीने गए दो भाइयों पर हमला

संवाददाता, आलमबाग

- हमले में सिर पर चोट लगने से एक युवक बेहोश
- आशियाना थाने में करीब डेढ़ दर्जन अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार:** आशियाना इलाके में देर शाम चाय पीने गए दो भाइयों पर डेढ़ दर्जन से अधिक दबंगों ने हमला कर दिया। डंडे व रॉड से लैस आरोपियों ने दोनों भाइयों को सड़क पर दौड़ाकर पीटा। हमले में सिर पर चोट लगने से एक युवक बेहोश हो गया। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी फरार हो गए। मेडिकल के बाद पीड़ित ने आशियाना थाने में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इंस्पेक्टर छत्रपाल सिंह ने बताया कि सीसीटीवी कैमरों की मदद से छानबीन की जा रही है।

तेलीबाग के सैनिक नगर निवासी कमल शर्मा ने बताया कि 3 मार्च की देर शाम करीब 8 बजे वह चचेरे भाई हेमंत शर्मा के साथ स्कूटी से स्मृति प्लाजा चाय पीने पहुंचे। दोनों अपनी स्कूटी खड़ी कर ही रहे थे कि अचानक एक युवक वहां आया और बिना किसी वजह के गालियां देने लगा। जिसपर दोनों भाइयों ने विरोध किया तो दबंग ने पास में रखी कुर्सी उठाकर कमल शर्मा के सिर पर हमला कर दिया।

यही नहीं आरोपी ने कहीं कॉल की तो कुछ मिनट में करीब 15-20 युवक लाठी-डंडों और रॉड से लैस होकर वहां पहुंचे। उसके बाद हमलावरों ने दोनों भाइयों को बेरहमी से पीटा। ताबड़तोड़ हमले में कमल शर्मा बेहोश हो गया। हमलावर धमकी देते हुए फरार हो गए। होश में आने के बाद घायल कमल शर्मा मौके पर मौजूद अपने चचेरे भाई हेमंत और अन्य लोगों की मदद से किसी तरह आशियाना थाने पहुंचे। पीड़ित के अनुसार मौके पर मौजूद उसके चचेरे भाई और अन्य लोगों की सहयोग से वह आशियाना थाने पहुंचे। उसके बाद पीड़ित ने पुलिस को लिखित शिकायत की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# पत्नी से झगड़कर आभूषण कारीगर ने जहर खाकर दी जान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** सआदतगंज में पत्नी से झगड़ा करने के बाद आभूषण कारीगर ने जहर खाकर खुदकुशी कर ली। कटरा विजन बेग निवासी शशांक प्रकाश वर्मा (36) आभूषण कारीगर था। परिवार में पत्नी पूजा और तीन बच्चे हैं। शशांक का पत्नी पूजा से घरेलू बात को लेकर आए दिन विवाद होता रहता था। जिसके चलते शशांक का परिवार घर के एक हिस्से में अलग रहता है। शुक्रवार को शशांक का पत्नी से किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया। इसके बाद शशांक ने कमरे में जाकर सल्फास खा लिया।

कुछ देर बाद शशांक खून की उल्टी करने लगा। पत्नी कुछ देर बाद किसी काम से कमरे में गई तो शशांक जमीन पर बेसुध पड़ा था। जमीन पर खून देखकर पूजा चींखने लगी। शोर सुनकर परिवार के लोग दौड़े। आनन-फानन में शशांक को ट्रॉमा सेंटर लेकर पहुंचे। वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी मिलते ही सआदतगंज पुलिस अस्पताल पहुंची। पुलिस ने परिवारवालों से पूछताछ करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# युवक को अगवा करने वाले दो और गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- इटौंजा फ्लाईओवर से अगवा कर भिठौली चौराहे के पास पीटकर फेंका
- तीन आरोपियों की पहले हो चुकी है गिरफ्तारी, अन्य की तलाश में जुटी पुलिस

**अमृत विचार:** इटौंजा फ्लाईओवर पर बाइक सवार युवक को टक्कर मारने के बाद स्कार्पियो सवार दबंगों ने सरेराह पीटा। इसके बाद स्कार्पियो से अगवा कर ले गये। करीब 20 किमी की दूरी तक उसे स्कार्पियो में पीटते रहे। इसके बाद भिठौली के पास लाकर फेंक दिया। पुलिस ने इस मामले में फरार चल रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इसके पूर्व तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। पुलिस ने आरोपियों के पास से वारदात में प्रयुक्त स्कार्पियो भी बरामद की है।

इंस्पेक्टर इटौंजा के मुताबिक गिरफ्तार आरोपियों में महिंगवा निवासी शिवम यादव उर्फ प्रदान और दिवाकर यादव शामिल है। इस मामले में 24 फरवरी को इटौंजा पुलिस ने शैलेश यादव, राहुल यादव और सुमित सिंह को गिरफ्तार कर लिया था। आरोपियों को जेल भेज दिया गया था। पुलिस ने आरोपियों के पास से पुलिस ने घटना में प्रयोग की गई स्कार्पियो बरामद कर ली है।

पुलिस के मुताबिक सीतापुर स्थित अटरिया के बेरसापुर निवासी अरुण कुमार सिंह ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 23 फरवरी को छोटा भाई आलोक सिंह किसी काम से बाइक से दोस्त शानू पांडे के साथ लखनऊ जा रहा था। दोनां लोग इटौंजा फ्लाईओवर पर पहुंचे थे। वहां बिना नंबर की स्कॉर्पियो दोनों की बाइक के पीछे पहुंची। स्कॉर्पियो में सिंहपुर निवासी राहुल यादव, शैलेश यादव, अरविंद यादव व सिधौली निवासी सुमित सिंह, निर्मल यादव व अन्य लोग सवार थे। आरोप है कि स्कॉर्पियो ने पीछे से बाइक में टक्कर मार दी थी। टक्कर से आलोक व शानू सड़क पर गिर गए थे। आरोप है कि स्कॉर्पियो सवार लोगों ने लोहे की रॉड व डंडे से आलोक और शानू को लोहे की रॉड से बुरी तरह पीटा था। आलोक के सिर व शरीर पर गंभीर चोटें आईं थीं।

# केजीएमयू में मजार के पास से बैरिकेडिंग हटाई

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** केजीएमयू के नेत्र रोग विभाग के पीछे स्थित मजार के आसपास की गई अवैध बैरिकेडिंग को शनिवार को केजीएमयू प्रशासन और पुलिस की मौजूदगी में हटा दिया गया। कर्मचारियों ने लकड़ी और बांस-बल्ली से बनाई गई घेराबंदी को हटाकर क्षेत्र को पूरी तरह खाली करा दिया।

होली की रात कुछ लोगों ने मजार के आसपास लकड़ी और बांस-बल्ली लगाकर बैरिकेडिंग कर दी थी। केजीएमयू प्रशासन ने चौक पुलिस को इसकी सूचना दी थी। संस्थान परिसर में इतनी बड़ी मात्रा में बांस-बल्ली कैसे पहुंची, इसे गंभीर सुरक्षा चूक माना जा रहा है।



केजीएमयू में बनी हाजी हरमैन शाह मजार पर लगाई गई बांस बल्ली हटाते कर्मचारी। अमृत विचार

केजीएमयू के प्रवक्ता डॉ. केके सिंह ने बताया कि परिसर में व्यवस्था बनाए रखने और आवागमन सुचारु रखने के लिए कार्रवाई की गई है। विश्वविद्यालय की भूमि पर किसी भी तरह का अनधिकृत कब्जा नहीं होने दिया जाएगा। परिसर में बांस बल्ली पहुंचने की जांच भी कराई जाएगी। जांच में यदि किसी सुरक्षा कर्मी या संबंधित व्यक्ति की लापरवाही सामने आती है तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## अपराध

### 75 लाख के पुश्तैनी जेवर ले गए चोर

# स्पोर्ट्स टीचर के मकान में चोरी, उखाड़ ले गए डीवीआर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- वारदात के दौरान परिवार संग बहन के घर गई थी हैदराबाद
- इंदिरानगर के फरीदीनगर इलाके की घटना

**अमृत विचार:** इंदिरानगर स्थित फरीदीनगर इलाके में चोरों ने महिला स्पोर्ट्स टीचर के बंद मकान को निशाना बनाया। चोरों ने ताला तोड़कर नकदी, इलेक्ट्रानिक सामान व 70 लाख रुपये के जेवर पर हाथ साफ कर दिया। वारदात के बाद चोर सीसीटीवी कैमरे का डीवीआर भी उखाड़ ले गए। वारदात उस समय हुई जब पीड़िता परिजन संग हैदराबाद गई हुई थी। जानकारी मिलते ही शुक्रवार देर रात लखनऊ पहुंची। शनिवार को इंदिरानगर पुलिस ने फॉरेंसिक टीम के साथ घटनास्थल पर छानबीन की। एसीपी गाजीपुर अनिद्य विक्रम सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

फरीदी नगर स्थित बाल विहार कॉलोनी निवासी शिप्रा सिंह एक निजी स्कूल में स्पोर्ट्स टीचर हैं। उन्होंने बताया कि 26 फरवरी को वह परिवार के साथ हैदराबाद में रहने वाली अपनी बहन दीपांजलि सिंह के घर एक कार्यक्रम में शामिल होने गई थी। घर में पाली गई मछलियों को खाना देने और पौधों में पानी डालने के लिए उन्होंने घर की चाबी अपनी दोस्त शुभाश्री रमन को दे रखी थी।

शुक्रवार शाम करीब पौने चार बजे शुभाश्री जब घर पहुंची तो मुख्य दरवाजे का ताला टूटा मिला। अंदर जाकर देखा तो कमरों के ताले भी टूटे थे और सामान बिखरा पड़ा था। घबराकर उन्होंने शिप्रा को फोन किया जानकारी दी। इसके बाद वीडियो कॉल के जरिए घर की स्थिति दिखाने पर शिप्रा को चोरी की जानकारी हुई। देर रात करीब 10:30 बजे पीड़िता हैदराबाद से वापस लौटी। घर पहुंची तो तीन ताले टूटे पड़े थे।

बेड के सिरहाने पर बना बॉक्स और आलमारियां खुली थी। शिप्रा ने चोरी की सूचना डॉयल-112 पर दी। जानकारी मिलते ही इंदिरानगर पुलिस मौके पर पहुंची। पीड़िता ने बताया कि चोरों ने एक लाख रुपये, करीब 70 लाख के जेवर, इलेक्ट्रानिक गैजेट्स समेत करीब 75 लाख की चोरी की है। पीड़िता ने बताया कि घर में लगे सीसी कैमरों की रिकार्डिंग देखने के लिए जब डीवीआर तलाशा गया तो वह भी गायब मिला। आशंका है कि चोर जाते समय डीवीआर भी साथ ले गए ताकि उनकी पहचान न हो सके। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# होटल व्यवसायी, शिक्षक समेत चार बंद घरों में लाखों की चोरी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- वारदात के दौरान पीड़ित परिवार होली पर गए थे पैतृक निवास

**अमृत विचार:** होली पर चोरों ने कमिश्नरेट पुलिस की गश्त की पोल खोल दी। चोरों ने होटल व्यवसायी, शिक्षक समेत चार के बंद मकानों का ताला तोड़कर नकदी व जेवर समेत लाखों के माल पर हाथ साफ कर दिया। वारदात के दौरान सभी परिवार होली पर पैतृक निवास गए थे। चोरी की यह वारदातें गोमतीनगर, कृष्णानगर, काकोरी व पारा इलाके में हुई। पुलिस चारों मामलों को दर्ज कर सीसीटीवी कैमरों की मदद से छानबीन कर रही है।

बाराबंकी के फतेहपुर निवासी होटल कारोबारी सुनील कुमार अवस्थी परिवार संग गोमतीनगर विरामखंड-5 में रहते हैं। 3 मार्च को वे परिवार संग होली पर गृह जनपद गए थे। दो दिन बाद वापस लौटे तो पैरों तले जमीन खिसक गयी। सभी कमरों के ताले टूटे और सामान बिखरा मिला। पीड़ित ने बताया कि उनके होटल में भाई अनुराग अवस्थी रहता है। पहले तल पर पीड़ित मां व परिवार संग रहता है। पीड़ित का कहना है कि चोरों ने दोनों भाइयों के कमरों से 15 हजार रुपये व करीब 25 लाख के जेवर चोरी किए हैं।

वहीं, मूल रूप से बिहार के जहानाबाद निवासी धमेंद्र कुमार परिवार संग कृष्णानगर के अलीनगर सुनहरा में रहते है। 20 फरवरी को वे परिवार संग होली पर पैतृक गांव गए थे। 4 मार्च को पड़ोसी ने फोन पर घर के दरवाजे का लॉक खुला और सारा सामान बिखरा होने की सूचना दी थी। जानकारी मिलते ही पीड़ित वापस लौटा। घर पहुंचकर देखा तो दरवाजा का इंटर लॉक निकला हुआ था। घर के भीतर ट्रंक की कुंडी टूटी हुई थी और उसमें रख जेवर वाला ब्रीफकेस गायब था।

